बात है। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि अगले सेशन में इस पर शॉर्ट डिस्कशन इस सदन में होना चाहिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following Hon. Members associated themselves with the Zero Hour matter raised by the Hon. Member, Shri Vikramjit Singh Sahney (Punjab): Shri Sant Balbir Singh (Punjab), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. John Brittas (Kerala), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shrimati Vandana Chavan (Maharashtra), Shri A. A. Rahim (Kerala), Shri Sujeet Kumar (Odisha), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Dr. Amar Patnaik (Odisha) and Shri Jawhar Sircar (West Bengal).

Demand to build a Railway Over-bridge in Jabalpur

श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया। महोदय, मेरा मुद्दा संस्कारधानी जबलपुर जिले के दो हिस्सों को रेलवे ब्रिज से जोड़ने के संबंध में है। जबलपुर मध्य क्षेत्र विजयनगर के अंतर्गत जबलपुर विकास प्राधिकरण की स्कीम 41 जबलपुर का ही पश्चिम हिस्सा संजीवनी नगर वैसे तो मात्र कुछ ही मीटर पर है, लेकिन रेल पटरी होने के कारण यह सात किलोमीटर का लम्बा रास्ता हो जाता है। महोदय, दोनों हिस्से रिहायशी एवं व्यावसायिक हैं, इस दृष्टि से जबलपुर अत्यंत महत्वपूर्ण है। शहर की लगभग आबादी ज्यादा हिस्से में इस तरफ रहती है।

महोदय, रोज लाखों जबलपुरवासी एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जाने के लिए पांच से सात किलोमीटर के दायरे में चक्कर लगाते हैं, जिससे समय, संसाधन और पर्यावरण का नुकसान भी होता है। महोदय, जहां एक तरफ पश्चिमी हिस्से में सुप्रसिद्ध हमारा मेडिकल कॉलेज, राष्ट्रीय राजमार्ग, नर्मदा का पावन तट, विश्व प्रसिद्ध भेड़ाघाट आदि हैं, वहीं मध्य में बहुत बड़ी अनाज की मंडी और सब्जी मंडी है। इसके अलावा महत्वपूर्ण स्कूल, कॉलेज और मार्केट इत्यादि हैं। इन दोनों हिस्सों को रेलवे ओवरब्रिज के माध्यम से जोड़ा जाए, तो सात किलोमीटर का जो रास्ता है, वह 700 मीटर में आ जाएगा। इससे आवागमन में सुविधा होगी, साथ ही व्यावसायिक विकास को गति मिलेगी एवं सामाजिक जन सुविधाओं का लाभ 10 लाख की आबादी को प्राप्त होगा।

मैं माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगी कि कृपया इस विषय पर संज्ञान लेते हुए रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण करें, धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following Hon. Members associated themselves with the Zero Hour matter raised by the Hon. Member, Shrimati Sumitra Balmik: Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Dr. Amar Patnaik (Odisha) and Dr. Sasmit Patra (Odisha).